कलेक्ट्री पर भाजपा अजमेर देहात की जन आक्रोश रैली में उमड़ा जन सैलाब

- राजस्थान में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है : सांसद दीया कुमारी
- कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन व सभा कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

जिला कलेक्ट्री अजमेर पर भाजपा अजमेर देहात की जन आक्रोश रैली में गांव-गांव व ढाणी-ढाणी से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुये।

ब्यावर/अजमेर, (निसं)। बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क,गौचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण,पशुधन के चारे-पानी की समस्या के साथ चोपट होती कानून व्यवस्था जैसे अनेक विषयों को लेकर जिला कलेक्ट्री अजमेर पर भाजपा अजमेर देहात की जन आक्रोश रैली में गांव-गांव व ढाणी-ढाणी से हजारों कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन व सभा कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में हजारों कायकर्ता रैली में शामिल हुए। कलेक्ट्री पर सरकार के खिलाफ भाजपा अजमेर का यह प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। पहली बार ग्रामीण से जुड़ी हजारों महिलायें जोश के साथ रैली में शामिल हुई इनके हाथों में सरकार विरोधी तख्तियां तो रैली में पहली बार भाजपा की टोपी लगाकर कार्यकर्ताओ ने भाग लिया तो युवाओं व महिलाओं ने पानी के संकट की प्रतिकरत्मक खाली मटकियां हाथों में लिए थी।

कलेक्ट्री पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश महामंत्री व सांसद दिया कुमारी ने राजस्थान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राजस्थान में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरेआम बदमाशों ने सड़कों पर माताओं, बहनों व बच्चियों का जीना दूभर कर दिया है किंतु सरकार बाड़े में बंद होकर क्रिकेट खेल रही है। भीषण गर्मी में आमजन पानी, बिजली व चिकित्सा के लिए तरस रहा है तो भी सरकार व प्रशासन की नींद नही जग रही है। सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि राजस्थान सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा आमजन के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से धन भेज रही है किंतु यह सरकार आमजन तक पहुंचाने में नाकाम रही है। ऐसी सरकार को एक दिन रहने का हक नहीं है। रैली का नेतृत्व कर रहे भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि पेट्रोल,डीजल पर देश मे सबसे ज्यादा वेट लगाकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया है जब कि मोदी जी ने दो बार एक्साइज ड्यूटी घटाकर राहत दी है। गहलोत सरकार झूठी व फरेबी सरकार है अपने घोषणा चुनावी घोषणा पत्र को रद्दी की टोकरी में डालकर किसानों का कर्ज माफी की बात हो या बेरोजगारों को भत्ता देने की बात हो भूल गई है। चुनाव में जनता से वादा किया था राज में आने के बाद बिजली की दरें नही बढ़ाएंगे किन्तु चार बार दर बढ़ाई है।

भूतड़ा ने कहा यह सरकार स्वयं तो बाड़े में और दहशत फेलाने वाले सड़को पर है किन्तु सरकार मूकदर्शक है। भूतड़ा ने ऐतिहासिक रैली में सहयोग हेतु सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। सभा से पूर्व रैली के कार्यकर्ता ब्यावर, पुष्कर, केकडी, मसुदा व विधानसभा से आये कार्यकर्ता 10 बजे से ही सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुऐ आते रहे। 11 बजे रैली कुन्दनगर से रवाना होकर कलेक्टर पहुंची जहां पर आमसभा में परिवर्तन हो गयी।

इस सभा को प्रदेश मंत्री वंदना नोगिया, ओमप्रकाश भड़ाना, सरिता गेना, नवीन शर्मा, बीपी सारस्वत, राजेन्द्र विनाइकिया, पुखराज पहाड़िया, होनहार सिंह राठौड़, दिनेश नायक, शक्तिसिंह रावत, अर्जुनसिंह रावत, मुकेश कवर राठौड़, अशोकसिंह रावत, चेतन गोयर, भंवरलाल बुला, सुभाष वर्मा, शक्तिसिंह राठौड़ आदि ने सम्बोधित किया। संचालन जिला महामंत्री जीतमल प्रजापत व पवन जैन ने किया। सभा के अंत में सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी कर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। रैली में प्रमुख रूप सेजिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, सूरज करण मेघवंशी, वीरेंद्र सिंह कानावत, भैरू भाई गुजर, सुनीता यादव, सुदर्शन इंदौरिया, सत्यनारायण चौधरी, महेंद्र सिंह मजेवला, राजेंद्र महावर, उर्मिला कुमावत, प्रेमराज जाट, अनीता बेरवा, करण सिंह रावत, रामाकिशन गुर्जर, प्रकाश रावत, शक्ति सिंह राठौड, लक्ष्य जैन, दिलीप शर्मा, किशोर सिंह सांगरवास, गणपत सिंह, मुनीम मुकेश चौधरी, भूपेंद्रसिंह शक्तावत, विभद्रसिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फरार कांस्टेबलों का छह दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाने के रिश्वतखोर दोनों कांस्टेबलों का 6 दिन बाद भी पता नहीं चल सका। ज्ञातव्य है कि परिवादी से 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर राशि वसूलने के बाद एसीबी की टीम द्वारा पीछा करने पर मसूदा थाने के कांस्टेबल महेंद्र चौधरी व भंवरराम जांगिड़ एक कार में सवार होकर भाग छूटे थे। कार के दुर्घटनाग्रस्त होने पर वहीं छोड़ भागे और भागते हुए एक युवक की बाइक और ले गए थे।

रिश्वत की राशि लेकर कार में सवार होकर भागते हुए कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से कार को छोड़कर ग्राम कानपुरा जाटान निवासी एक युवक की बाइक यह कहकर ले गए कि चोरों का पीछा कर रहे हैं और उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चोरों को पकड़ना जरूरी है। और दोनों कांस्टेबल भागने में सफल भी हो गए। वहीं एसीबी टीम को कांस्टेबलों को पकड़ने में भले ही कामयाबी नहीं मिली हो परंतु दुर्घटनाग्रस्त कार में रखी रिश्वत की राशि एसीबी की टीम ने अवश्य जब्त कर ली थी। वही मसूदा थाना अधिकारी द्वारा कांस्टेबलों की दुर्घटनाग्रस्त कार को जब तक कर लिया था। उधर थाने में तैनात दोनों कांस्टेबलों के फरार होने से अनुपस्थित मानकर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने दोनों कांस्टेबलों को लाइन हाजिर भी कर दिया था।

एसीबी की अजमेर इकाई के पुलिस उप अधीक्षक राजेश वर्मा द्वारा स्पष्ट किया जा चुका है की रिश्वत के आरोपी सिपाही महेन्द्र व चालक भंवरराम जांगिड़ की तलाश की जा रही है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

श्री किशन लाल पुत्र श्री भूरा जी निवासी आवास संख्या 154 ज्वाला प्रसाद नगर सेक्टर प्रथम मदार अजमेर द्वारा आवास संख्या 154 EWS ज्वाला प्रसाद नगर योजना की लीज डीड फी होल्ड पट्टा हेतु आवेदन किया है। मल आंवटी श्री संतोष कुमार पुत्र श्री नंदलाल ने उक्त भूखण्ड/आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 28.05.1996 से श्री किशन लाल पुत्र श्री भूरा जी के नाम विक्रय कर दिया। अतः क्रेता ने उक्त आवास को अन्तिम क्रेता से खरीदशुदा एंव वर्तमान मे स्वय को उक्त आवास का अंतिम क्रेता बताया है। अतः पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तान्तरण पर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनाक 24.02.2021 के क्रम में एंवम राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प. 3 (313)नविवि/3/2011 दिनांक 24.03.2021 एंव आदेश दिनांक 20.09.2021 की अनुपालना में उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 154 EWSज्वाला प्रसाद नगर योजना की लीज डीड फी होल्ड पट्टा श्री किशन लाल पुत्र श्री भूरा जी के नाम जारी किये जाने से किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नही किया जायेगा एंव उक्त भूखण्ड/आवास 154 EWS ज्वाला प्रसाद नगर योजना की श्री किशन लाल पुत्र श्री भूरा जी के नाम परिवर्तन कर लीज डीड फी होल्ड पट्टा जारी कर दी जावेगी। जिसमें प्राधिकरण की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। योजना प्रभारी अधिकारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक न.नि.अ./एम.बी./547 दिनांक: 6-6-2022

आपति सूचना

श्री अशोक कुमार व श्री विजय कुमार पुत्रगण श्री कन्हैयालाल निवासीगण 154/09 गंज अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति संख्या 10/23 राजस्थान आवासन मण्डल की वैशाली नगर योजना अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 184.40 व.मी. है भूमि आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - आवास गृह संख्या 10/22 पश्चिम - आवास गृह संख्या 10/24

उत्तर - रास्ता आम वैशाली नगर दक्षिण - आवास गृह 11/50

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक न.नि.अ./एम.बी./22-23/564 दिनांक: 7-6-2022

आपति सूचना

श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री श्याम लाल प्रजापति निवासी मकान नंबर 81 बजरंग कॉलोनी भागचन्द सोनी नगर के पास फाइसागर रोड अजमेर द्वारा एक भूखण्ड जिसका ए.एम.सी. नम्बर 316/9 का भाग है जो वाके आगरा गेट, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20.49 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - आम रास्ता पश्चिम - गोपाल गंगाराम शर्मा की सम्पत्ति

उत्तर - आम रास्ता दक्षिण - अंकुश अग्रवाल जी की जायदाद

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला अजमेर राजस्थान

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर -01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmal.com

क्रमांक : न.पा.बि/भूमि/2022/1652 दिनांकः 3.6.2022

आपत्ति आमन्त्रित सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हे आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिए जाएँगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र सं.	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	3459	मेनका/कैलाश जाट	महावीर कॉलोनी विस्तार बरल द्वितीय	807	74 का दक्षिणी हिस्सा	58.33 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक:LU2012/ADA/2022-23/100686 दिनांक 07/06/2022

लोक सूचना

श्रीमती NUZHAT AZIZ पत्नी श्री SYED AZIZUR RAHMAN जाति MUSLIM निवासी BURRAR MANJIL, PANNI GRAN CHOWK, KHADIM MOHALLA, PO BOX, No. 74, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	मेगल अजमेर (अजमेर)	NUZHAT AZIZ	1403	1227.86	0.1228
2.	मेगल अजमेर (अजमेर)	NUZHAT AZIZ	1404	347.14	0.0347
				कुल	0.1575

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 7/06/2022 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका, केकडी (जिला-अजमेर)

Email ID - npkekri2011@gmail.com (0) : 01467-220002, website: www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./2022-23/1098 दिनांक 3. 6.2022

आम सूचना

एतद् द्वारा यह है कि नगरपालिका केकडी पैरा फेरी क्षेत्र में स्थित निम्न खसरा नम्बरान का सडक/विद्यमान राजस्व रास्ते/कटाव मार्ग का मास्टर प्लान/प्रारूप मास्टर प्लान/जोनल प्लान में मार्गाधिकार निर्धारण किया जाना है। संबंधित खसरा नम्बरान का सडक/विद्यमान राजस्व रास्ते/कटाव मार्ग का मास्टर प्लान/प्रारूप मास्टर प्लान/जोनल प्लान में मार्गाधिकार निर्धारण की विस्तृत जानकारी नगरपालिका केकडी की वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri एवं स्वायत्त शासन विभाग की वेबसाईट https://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://shahar2021.rajasthan.gov.in पर तथा नगरपालिका आपत्ति सूचना चस्पा बोर्ड पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका केकड़ी में 10 दिवस में प्रस्तुत करें। (बसन्त कुमार सैनी) अधिशासी अधिकारी नगरपालिका केकड़ी (अजमेर)

सार-समाचार

सिंगर मुसेवाला को श्रद्धांजलि दी



अजमेर, (कास)। इण्डिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसाइटी के तत्वाधान में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर अजमेर क्लब में युवा गायक कृष्ण कुमार कुन्नत और पंजाबी सिंगर सिद्दू मुसेवाला को गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर स्टैंडिंग ओवेशन के साथ अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देकर यादगार स्वरांजली दी। इनके अलावा सदस्यों ने पर्यावरण थीम पर और सिने अभिनेत्री नूतन और महान गायक एस पी बाला सुब्रह्मण्यम के सुप्रसिद्ध गानों से उनका जन्म दिन मनाया। स्वरांजली कार्यक्रम की शुरूआत उभरती युवा गायिका सोनाक्षी दत्ता ने पंजाबी सिंगर सिद्दू मूसेवाला जट्ट दा मुकाबला से हुई।

अलवर एसपी गौतम का किया स्वागत

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद सदर थाना पहुंची आईपीएस तेजस्विनी गौतम का नसीराबाद प्रेस क्लब की सचिव एडवोकेट हेमंत कुमार प्रजापति तथा सदर थाना अधिकारी राजेश मीणा द्वारा पुष्प गुच्छ बैठकर स्वागत किया। एसपी गौतम नसीराबाद न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे में गवाही के लिए आई थी तथा कुछ देर के लिए नसीराबाद सदर थाना पहुंची जहां पर नसीराबाद प्रेस क्लब के सचिव एडवोकेट हेमंत कुमार प्रजापति से वार्ता करते हुए एसपी गौतम के नसीराबाद सदर थाना में ट्रेनिंग के दौरान किए गए कार्यों की यादें ताजा की और कानून व्यवस्था और अपराधों की रोकथाम में स्थानीय पत्रकारों के द्वारा किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि नसीराबाद सदर थाना में की गई ट्रेनिंग और अनुभव उन्हें जीवन भर याद रहेंगे। वही सदर थाना अधिकारी राजेश मीणा द्वारा सदर थाना परिसर में किए गए विकास कार्यों और व्यवस्थाओं को देखकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। गौतम ने बताया कि जब वह यहां पर ट्रेनिंग थी तब सदर थाना परिसर मैं व्यवस्थाओं की कमी थी जिन्हें सदर थाना अधिकारी राजेश मीणा द्वारा कार्य की अधिकता के बावजूद भी अपनी इच्छा शक्ति और टीम वर्क के साथ सदर थाना परिसर की कायापलट करते हुए साफ सफाई के साथ पौधरोपण और उद्यान भी विकसित किया साथ ही पुलिसकर्मियों के भोजन के लिए मैच का नया भवन भी निर्मित कराया गया। सदर थाना अधिकारी मीणा सहित सभी पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना की।

महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित

बिजयनगर, (निसं)। जमात ए इस्लामी हिंद के हुमन वेलफेयर फाउंडेशन (मानव कल्याण विभाग) द्वारा केकड़ी चौराया स्थित मदरसा राजनगर में महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 10 सिलाई मशीन का वितरण किया गया। जमात ए इस्लामी हिंद के जिला नाजिम हाजी हाकीम अली खान कायमखानी ने कार्यक्रम के उद्देश्य जमात-ए-इस्लामी हिंद के कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जामा मस्जिद सदर अब्दुल हकीम चौधरी ने की मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष मूल सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि मास्टर अब्दुल हमीद बिसायती, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रईस शेख, कब्रिस्तान नायब सदर पीर उस्ताद चांद मोहम्मद शाह सहित समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम में मास्टर अरवत्यार अली ने आभार प्रकट करते हुए मशीनों के उपयोग का अनुरोध किया।

ट्रेलर व ट्रक की आमने-सामने हुई भिड़ंत, चालक की मौत

- पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर फंसे चालक व परिचालक को बाहर निकाला

अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट हुये हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

सरवाड़, (निसं)। अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट एक टेलर एवं ट्रक में हुई भिड़ंत ट्रेलर चालक की मौके पर मौत हो गई भीषण दर्दनाक सड़क हादसे में जिसमें चालक के शव के एक एक टुकड़े एकत्रित करने पड़े। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर दुर्घटना में फंसे चालक व परिचालक को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

वही दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। बिकानेर निवासी भगवानाराम उम्र 40 वर्ष नसीराबाद की तरफ जा रहे थे तभी मुर्गी के दाने भरकर केकड़ी तरफ जा रहा था। इस दौरान दोनों वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक व ट्रेलर दोनों बुरी तरह से टूट गए थे। ट्रेलर परिचालक भगवानाराम 15 फीट तक सड़क पर घसीटता गया जिसके चलते शव के चिथड़े -चिथड़े हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टेलर के परखच्चे उड़कर टेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया था और चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं पट्टी से भरा ट्रक भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। सड़क हादसे के दौरान सरवाड़ थाना प्रभारी गुमान सिंह पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद शव को सौंप दिया दुर्घटना के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

देवरी मगरी के ग्रामिणों को एक माह से है बीसलपुर के पानी की दरकार

मसूदा, (निसं)। सरकार ग्रामीणों को बिसलपुर का पानी उपलब्ध कराने के लिए पानी की तरह पैसा बहा कर हर संभव प्रयास कर रही है। एक ऐसा ही मामला मसूदा खंड क्षेत्र के ग्राम देवनगरी का सामने आया है। देव मगरी के ग्रामीणों के अनुसार गांव में बनी हुई पानी की टंकी में पिछले 1 माह से पानी नहीं आ रहा है। देवमगरी ग्राम के ग्रामीणों को पानी उपलब्ध नहीं होने को लेकर ग्रामीणों की पिछले 1 वर्ष से की जा रही शिकायत पर दृष्टि डाले तो इस ग्राम में बनी पानी की टंकी तक आने वाली सप्लाई लाइन में बीच में ही लिए गए अवैध कनेक्शन के अलावा सप्लाई लाइन के बार-बार क्षतिग्रस्त होना भी इसमें एक कारण शामिल माना जा सकता है। इस संबंध में देवमगरी के ग्रामीणों द्वारा आज की गई शिकायत को लेकर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को अवगत कराने पर सहायक अभियंता राजेश आर्य ने बुधवार को अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

शराब ठेके पर महिला ने हंगामा किया, बोतलें फेंकी

- महिला ने दुकान को खुद की प्रोपर्टी बताया
- पुलिस भी मौके पर पहुंची

अजमेर, (कासं)। एक महिला ने मंगलवार को हाई वॉल्टेज ड्रामा करके शराब के ठेके पर जमकर हंगामा मचाया। दुकान में रखी शराब की बोतलें बाहर फेंक दी। महिला दुकान को खुद की प्रोपर्टी बता रही थी। एक-एककर दुकान की सारी बोतलें सड़क पर फेंकने लगी। ये देख ट्रैफिक रुक गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर आबकारी विभाग के अधिकारी व आदर्श नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। समझाइश कर फिलहाल मामला शांत करा दिया, लेकिन महिला के खिलाफ आदर्श नगर थाने में दुकान मालिक ने आदर्श नगर थाने में शिकायत दी है। दरअसल, आबकारी विभाग से स्वीकृति लेकर शराब ठेका संचालक टीपू मंगानी ने नारीशाला रोड चौराहे पर दुकान अलॉट कराई। इसके बाद लोगों ने विरोध जताया। वहां की स्थिति को देखते हुए ठेका संचालक ने ठेका बंद कर दिया। नई जगह दुकान का आवंटन कराया। संचालक टीपू ने बताया कि नई जगह नारीशाला रोड नाले के पास है। आबकारी नियमों के अनुसार सही है।

यहां आस पास में कोई मंदिर, स्कूल भी नहीं है। इसके बावजूद आज जब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही थी तो संजू देवी आई। दुकान को खुद की प्रोपटी बताते हुए हंगामा कर दिया। उसने यहां रखी शराब की बोतलें भी फेंकना शुरू कर दिया। इसका वीडियो भी बनाया। इस दौरान रोड पर ट्रेफिक जाम हो गया। पुलिस व आबकारी की टीम पहुंची और समझाइश कर मामला शांत कराया। टीपू ने बताया कि महिला के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दी गई है। आदर्श नगर थाने के उपनिरीक्षक कन्हैयालाल ने बताया कि शराब ठेके पर हंगामा हुआ, समझाइश कर मामला शांत करा दिया। फिलहाल कोई शिकायत नहीं दी गई।

पुलिस थाने में दिया प्रशिक्षण

बिजयनगर, (निसं)। सहायता संस्था के तत्वाधान में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिस थाना परिसर में दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार एवं निकटतम चिकित्सालय पहुंचाने के लिए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। राजस्थान पुलिस एवं परिवहन विभाग के सौजन्य से सहायता संस्था के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर शेखर देवा द्वारा दुर्घटना में घायल व्यक्ति के जीवन रक्षार्थ मूलभूत जीवन रक्षक प्रणाली एवं सीपीआर का मानव डमी पर प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, एएसआई तेजमल गुर्जर, एएसआई धनश्याम मीणा, सीएलजी मेंबर कैलाश सोनी, पुलिस मित्र सुरेन्द्र सिंह भाटी, त्रिलोक प्रजापत, दिपेश सोनी, चेनाराम चौधरी, गोपाल चौधरी, राहुल मीणा, नरेंद्र कुमार, हरिनारायण सुरक्षा सखी आशा वैष्णव सहित पुलिसकर्मियों, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, महिला सुरक्षा सखी, पत्रकार मौजूद रहे। सहायता संस्था के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर शेखर देवा ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों से के अनुभव साझा किए।

कार्यालय नगर पालिका, केकडी (जिला-अजमेर)

Email ID - npkekri2011@gmail.com (0) : 01467-220002, website: www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./कृ.भू.रू./भू उपयोग/2022-23/1095 दिनांक 3.6.2022

आम सूचना

सर्वहितधारको एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम अजगरी तहसील सरवाड नगरीय क्षेत्र नगरपालिका केकडी में पैरा फेरी क्षेत्र में स्थित आराजी खसरा नं 274 के संदर्भ में अकृषि प्रयोजनार्थ प्रस्तावित उपयोग हेतु राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना F.3(77)UDH/3/2010 Part जयपुर दिनांक 18.08.2020 में मार्गाधिकार एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार हेतु किये गये प्रावधानो में बिन्दु सं 3 अनुसार यदि किसी सडक/विद्यमान राजस्व रास्ते/कटाव मार्ग का मास्टर प्लान/प्रारूप मास्टर प्लान/जोनल प्लान में मार्गाधिकार निर्धारण किया जाना है। अतः राजस्व ग्राम अजगरी तहसील सरवाड नगरीय क्षेत्र नगरपालिका केकडी में पैरा फेरी क्षेत्र में स्थित 60 फीट चौडा पहुंच मार्ग निर्धारण हेतु आराजी खसरा नं 172, 175/633, 171, 151, 153, 160, 159, 161, 170, 174, 179, 293, 294, 292, 288, 287, 691/285, 692/285, 296, 300, 282, 279, 709/301, 261, 705/261, 259, 258, 262, 263, 265, 268, 267, 274, 275, 251, 250, 264, 171 उक्त आराजियात में से 60 फीट चौडा पहुंचमार्ग का निर्धारण व्यापक जनहित में किया जाना प्रस्तावित है। अतः इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद सूचना प्रकाशन के 10 दिवस में प्रस्तुत करावे। बाद मियाद पालिका द्वारा सडक मार्गाधिकार का निर्धारण कर दिया जावेगा।

(बसन्त कुमार सैनी) अधिशासी अधिकारी नगरपालिका केकड़ी (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुरा पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

क्रमांक- निविदा/2022-23/67 दिनांक 06.06.2022

ई-निविदा सूचना 01/ 2022-23

ग्राम पंचायत दौलतपुरा समिति डीडवाना के लिए पंचायती राज की अन्य समान योजनाओं के तहत एवं महानरेगा योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 निर्माण सामग्री की आपूर्ति एवं उपकरण आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No: PHK 2223A0012

UBN No: PHK2223WSOB00011

सरपंच, ग्राम पंचायत दौलतपुरा, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दौलतपुरा, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/22-23/2083 दिनांक: 07/06/2022

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुरलीधर निवासी बृजमोहन लाल शर्मा नगर मकान नं. 34 गणेशपुरा मार्ग, ब्यावर ने नगर परिषद, ब्यावर की. सीमा में श्रद्धानन्द. बाजार, म्यु.नं. 07 मकान नं.20 क्षेत्रफल 52.50 वर्गगज भूमि के वाणिज्यिक - प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन चाहा है। कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें (पंजीकृत बख्शीशनामा के अनुसार)

पूर्व- रूपचन्द महादेव मलकी दुकान

पश्चिम - प्रीति प्लाजा

उत्तर - रोड श्रद्धानन्द बाजार

दक्षिण - जायदाद अन्य की

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

पालिका चेयरमैन ने जन्मदिन मनाया

गुलाबपुरा, (निसं)। नगर पालिका चेयरमैन सुमित काल्या ने अपना जन्मदिन विभिन्न सेवा कार्यों के साथ सादगी से मनाया। पालिका चेयरमैन सुमित काल्या ने जन्मदिन पर सुबह मंदिर में पूजा अर्चना की व गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया एवं जरुरतमंद बच्चों को वस्त्र सहित सामग्री वितरित की तथा मूक पक्षीयों को दाना पानी डाला तथा विभिन्न सेवा कार्य किये।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक : न.प.कि/PWC/2022/506 दिनांक : 06.06.2022

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मूला राम पुत्र श्री जयराम चौधरी, द्वारा राजस्व ग्राम मदनगंज भूखण्ड सं. 20, क्षेत्रफल 128.33 वर्गगज, खसरा सं. 264 चौधरी कालोनी सराणा रोड मदनगंज-किशनगढ पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

पूर्व : भूखण्ड सं. 19 पश्चिम : भूखण्ड सं. 21

उत्तर : भूखण्ड सं. 46 दक्षिण : 20' आम रास्ता

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर नगर परिषद में लिखित में आपत्ति पेश करें बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ

जनाना अस्पताल में प्रसूता ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया

अजमेर के जनाना अस्पताल में महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया।

अजमेर, (कास)। अजमेर के निकटवर्ती ग्राम हटूंडी निवासी असलम खान शादी के चौथे साल में एक साथ चार बच्चों का पिता बन गया। कुदरत का ऐसा तोहफा पाकर असलम ही नहीं पूरा गांव जश्न मना रहा है। असलम की पत्नी और उसके चारों बच्चे जिनमें दो लड़के व दो लड़कियां हैं; अजमेर के राजकीय जनाना अस्पताल में चिकित्सकीय देखभाल में हैं।

असलम खान ने जानकारी दी कि उसका विवाह फरीदा बानो से हुआ था। उसके शादी के चार साल में कोई औलाद नहीं हुई। फरीदा जब गर्भवती हुई तो उन्होंने हटूंडी स्थित चिकित्सक के परामर्श पर सोनाग्राफी कराई थी। जिसमें उसके गर्भ में चार बच्चे होने का पहली बार पता चला था। इस जानकारी से उसका परिवार ही नहीं बल्की गांव वाले भी बहुत खुश हुए थे। सभी को फरीदा के स्वस्थ प्रसव की चिंता भी थी। सोमवार की रात फरीदा को प्रसव पीड़ा महसूस होने पर उसे अजमेर के राजकीय जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे के आस पास प्रसूता ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। फिलहाल उसके बच्चों को आईसीयू में रखा गया है। जबकि प्रसूदा को सामान्य वार्ड में उपचार दिया जा रहा है। बच्चों में दो लड़के व दो लड़कियां होना बताया गया है। कौन पहले हुआ कौन बाद में यह अभी ज्ञात नहीं है। असलम ने बताया कि उस पर कुदरत की ऐसी मेहरबानी हुई कि वह एक साथ चार बच्चों को पिता बन गया। वह बहुत खुश है। इस खुशी में पूरे गांव में भी जश्न मनाया जा रहा है। सभी उसे बधाई दे रहे हैं।

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, भीलवाडा (राज)

क्रमांकः परि./भील/2022-23/ दिनांक : 06.06.2022

नोटिस

वाहन संख्या RJ06-GA-0238 श्री फरीद मोहम्मद पुत्र श्री सफी मोहम्मद निवासी-आकोला तह कोटडी, जिला भीलवाडा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स 400 दिनांक 31.5.2022 फाइनेंसर : श्रीराम ट्रासपोर्ट फाइनेंस क.लि.	वाहन संख्या RJ32-GA-5324 श्री राजकुमार जाट पुत्र श्री भैरू लाल जाट निवासी-जाटो का मोहल्ला, रेवाडा, जिला चित्तौडगढ नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.सं. 401 दिनांक 31.5.2022 फाईनेंसर एसके फिनकार्प लि.
वाहन संख्या RJ06-GA-1711 श्री गोपाल लाल नायक पुत्र श्री मिश्री लाल नायक निवासी छेती पालिया, कच्ची बस्ती, आरसी व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स 402 दिनांक 31.5.2022 फाईनेंसर एसके ऑटो फाइनेन्स प्रा. लि.	वाहन संख्या RJ06-GC-6363 ललिता देवी पत्नी श्री प्रेम चन्द्रदानी निवासी-डी-227-5-आजाद नगर, भीलवाडा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.सं. 0290 दिनांक 12.5.2022 फाईनेंसर बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक लि.
वाहन संख्या RJ27-GB-8689 श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह निवासी-डाण्डी, त. रायपुर, जिला, भीलवाडा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स 395 दिनांक 30.5.2022 फाईनेंसर एसके फिनकॉर्प लि.	वाहन संख्या RJ06-GC-6707 श्री पुरी लाल पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी-सिंगोली रोड, कारया, त. बिजौलिया, भीलवाडा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.सं. 434 दिनांक 6.6.2022 फाईनेंसर: चोलामण्डलम इन्वेसमेन्ट एण्ड फिन क.लि.

विषय : फाईनेंसरों के नाम फ्रेश आरसी जारी करने बाबत

उक्त वाहनों के फाईनेंसरों ने अपने कब्जे में लेकर अपने नाम से फ्रेश आरसी जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है, कार्यालय के उपरोक्त पत्रांक से रजि.एडी द्वारा नोटिस भिजवाया गया, लेकिन अभी तक उसका कोई प्रत्युतर प्राप्त नहीं हुआ। तथा न ही किसी प्रकार की आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत हुआ है। समाचार पत्र में पुन नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। नोटिस प्रकाशन के सात दिवस तक वाहन की मूल आरसी इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे या जो भी आपत्ति/अभ्यावेदन हो मय साक्ष्य/प्रमाण के अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दे। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी एवं तत्पश्चात U/S 51(5) of CMV ACT 1988 के तहत फाईनेंसर के नाम फ्रेश आरसी जारी कर दी जायेगी।

जिला परिवहन अधिकारी, भीलवाडा